TRF LIMITED

Ref :SEC:152

Date : August 5, 2021

The Secretary, Listing Department
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001.
Maharashtra, India.
Scrip Code: **505854**

The Manager, Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai - 400 051.
Maharashtra, India.
Symbol: **TRF**

Dear Madam, Sir,

**Sub– Newspaper Publication of unaudited financial results for the first quarter ended June 30, 2021**

This refers to our earlier intimation about the outcome of Board Meeting held on August 3, 2021.

The unaudited financial results for the first quarter ended June 30, 2021 have been duly published in the stipulated newspapers in compliance with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Copies of the same are enclosed herewith.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,

For TRF LIMITED

(Prasun Banerjee)
Company Secretary & Compliance Officer

Encl: As above

11 Station Road Burmamines Jamshedpur 831 007 INDIA
Tel +91 657 2345727 FAX +91 657 2345718 e mail: comp_sec@trf.co.in www trf.co.in
CIN L74210JH1962PLC000700

A TATA Enterprise

# महिला थाना में लड़का-लड़की पक्ष में मारपीट के बाद सुलझा मामला

## ■ आखिरकार जेल जाने के डर से यौन शोषण के आरोपी ने रचायी शादी



**जमशेदपुर :** यौन शोषण के जिस मामले को लेकर लड़का और लड़की पक्ष के बीच सोमवार को साकची थाना परिसर में जमकर हंगामे का दौर चला. मामला दोनों पक्षों के बीच मारपीट तक जा पहुंचा. बावजूद इसके मंगलवार को मामला सुलझ गया और आरोपी लड़का जेल जाने के डर से युवती से शादी के लिए राजी हो गया. तब जाकर साकची शीतला मंदिर में दोनों की शादी करायी गई. शादी में लड़का और लड़की दोनों परिवार के लोग शरीक हुए और लड़केवाले राजीखुशी लड़की को अपने घर ले गए. तब जाकर मामला पूरी तरह से शांत हुआ.

### यह है मामला

मामला बिहार के नवादा जिले के वासलीगंज की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का है. आरोपी जमशेदपुर के उलीडीह ओपी अंतर्गत खड़िया बस्ती का रहनेवाला पिंटू कुमार है. उसने युवती से शादी करने का वायदा तो कर लिया था, लेकिन बात तब बिगड़ी जब युवती के परिवारवाले शादी करने के आए तो लड़का पक्ष शादी करने से साफ मुकर गया. यहां तक कि सामाजिक बैठक में भी जाने से लड़का और लड़के के घरवालों ने इंकार कर दिया. उसके बाद मामला साकची स्थित जमशेदपुर महिला थाना में जा पहुंचा. जहां पिंटू, उसके पिता और भाई के अलावा उसके मामला को आरोपी बनाकर लड़की पक्ष ने उनकी शिकायत की. उस दौरान दोनों पक्षों में थाना में बातचीत का दौर चल ही रहा था. तभी अचानक दोनों पक्ष भिड़ गए. पहले तो जमकर हंगामा हुआ, फिर दोनों पक्षों में मारपीट शुरु हो गई. पर मामला अचानक तब दूसरा रुख ले लिया जब मंगलवार को जेल जाने के डर से लड़का के साथ उसके परिवारवाले अचानक शादी के लिए राजी हो गए. हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि लड़का पहले से ही शादी के लिए राजी था, लेकिन उस पर उसके परिवार का दबाव था. इसलिए वह शादी से मुकर रहा था. हालांकि, उसके बाद सारा कुछ ठीक हो गया.

### चार पहले किया था शादी का वायदा

इस बीच जो मामला सामने आया है उसके मुताबिक युवक ने करीब चार साल पहले वर्ष 2017 में युवती से शादी का वायदा किया था. दरअसल युवती का मानगो डिमना रोड में ननिहाल है. जहां उसके आने के बाद पिंटू से उसकी मुलाकात हुई थी. उसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ने लगी. उसी दौरान पिंटू ने युवती से शादी करने का यह कहकर वायदा किया था कि वह शादी के लिए अपने घरवालों को मना लेगा. उसके बाद युवक पर वर्ष 2018 में युवती को डिमना लेक ले जाने और यौन शोषण करने का आरोप है. इस बीच शादी के लिए बुलाए जाने पर 8 जुलाई को लड़की पक्ष जमशेदपुर आ गए थे. हालांकि, ना पिंटू आया और न ही उसके परिवार के लोग सामने आए. इससे मामला तूल पकड़ लिया.

## न्यूज फ्लैश

### सिदगोड़ा में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, पुलिस जुटी जांच में

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत विद्यापतिनगर के 20 वर्षीय युवक शशि कुमार का बीती रात पेड़ से लटकता शव पाया गया. उसका शव सूर्य मंदिर के पास सड़क किनारे पेड़ से लटका पाया गया. इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आगे पुलिस मामले की जांच में जुटी है. फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या करने का संदेह जताया जा रहा है. हालांकि, मामले की पुलिस जांच के बाद ही इसे लेकर पुख्ता तौर पर कुछ कहा जा सकता है.

### उत्पाद विभाग ने छापेमारी में जब्त की अवैध शराब



**जमशेदपुर :** उत्पाद विभाग का शराब के अवैध धंधे के खिलाफ सघन अभियान जारी है. जिले के सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर विभागीय टीम ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर गालूडीह थाना क्षेत्र के केशरपुर एवं नरसिंहपुर, पटमदा थाना के नोवाडीह तथा बोड़ाम थाना के बंगकुचा, डंगडुंग में अभियान चलाया. इस दौरान अवैध शराब निर्माण की दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. मौके से टीम ने शराब बनाने के उपकरण और कच्चा माल भी बरामद किये. उत्पाद विभाग के मुताविक शराब निर्माण स्थल से करीब 1 हजार किलो जावा महुआ और करीब 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है. साथ ही बिक्री स्थलों से तलाशी के दौरान विदेशी शराब 31.43 लीटर, बियर 3.25 लीटर और देशी शराब 1.80 लीटर जब्त किये गये हैं. हालांकि इस बीच अवैध शराब चुलाईकर्ता और विक्रेता भागने में सफल रहे. उनके विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है.

### साकची में दुकानदारों ने वृद्ध को मारपीट कर घायल किया

**जमशेदपुर :** साकची थाना अंतर्गत टाटा स्टील मेन गेट के पास कुछ दुकानदारों ने मंगलवार को 60 वर्षीय उत्तम साहू को मारकर घायल कर दिया. उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए एमजीएम अस्पातल में भर्ती किया गया. जानकारी के मुताबिक उत्तम साहू भीख मांगकर अपना गुजर-बसर करता है. उसने एक इडली विक्रेता से इडली मांगी तो देर होने पर वह उखड़ गया. उसके बाद नौबत मारपीट की आ गई. उसी दौरान कुछ दुकानदारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सोनारी में सैलून संचालक पर उस्तरे से हमला, आरोपी पकड़ाया



**जमशेदपुर :** सोनारी थाना क्षेत्र स्थित कागलनगर में सैलून संचालक महावीर ठाकुर पर नशे की हालत में उज्जवल धीवर नामक युवक ने पैसे नहीं देने पर मंगलवार को उस्तरा से हमला कर दिया. इस दौरान महावीर के साथ मारपीट भी की गई, जिससे वह घायल हो गया. सैलून संचालक दिव्यांग है. स्थानीय लोगों ने उसे किसी तरह बचाते हुए आरोपी युवक को धर-दबोचा. उसके बाद उज्वल को पुलिस के हवाले कर दिया गया. जबकि, घायल को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है. पुलिस ने आरोपी युवक को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

## जुगसलाई होटल एबी पैलेस हत्याकांड में कोर्ट में आरोप पत्र दायर

- होटल मालिक टुनटुन सिंह मुख्य आरोपी
- राजकुमार सिंह साजिशकर्ता



**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल एबी पैलेस परिसर में होटल कैलाश रेसीडेंसी के मालिक सह ट्रांसपोर्टर विक्रम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने अनुसंधान के 90 दिनों के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया है. पुलिस ने इसमें होटल मालिक ओमनारायण सिंह उर्फ टुनटुन सिंह को मामले का मुख्य आरोपी और उनके समधि राजकुमार सिंह को साजिशकर्ता बताया है. फिलहाल मामले में इन दोनों के खिलाफ ही व्यवहार न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया है. मामले के अन्य आरोपियों में शामिल ओमनारायण सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह, शत्रुध्न सिंह, पत्नी सुनीता सिंह और पुत्र आकाश सिंह के खिलाफ अब तक आरोप पत्र समर्पित नहीं किया गया है. उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी. पुलिस इस हत्याकांड में पुलिस शिकायतकर्ता अमर प्रताप सिंह और उसके भाई संजू सिंह का न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज करवा चुकी है. साथ ही, मामले को लेकर कई साक्ष्य भी जुटाए हैं. मालूम हो कि बीते सात मई को जुगसलाई पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी टुनटुन सिंह को मानगो से गिरफ्तार किया था. उसके पास से पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किए गए थे. घटना के कुछ दिनों बाद होटल से सटे एक मकान के छत से पुलिस ने पिलेट बरामद किया था. इस मामले में टुनटुन सिंह के समधि राजकुमार सिंह को टीएमएच परिसर से गिरफ्तार किया गया था. फिलहाल दोनों घाघीडीह सेंट्रेल जेल में बंद है.

## सिख व्यापारी की मौत का मामला गोलमुरी थाना रेफर

**जमशेदपुर :** सरायकेला के भोलाडीह गांव में 18 जुलाई को बेहोशी की हालत में मिले गोलमुरी निवासी अमरजीत सिंह की मौत का मामला गोलमुरी थाना को रेफर कर दिया गया है. अब इस मामले की जांच गोलमुरी पुलिस करेगी. अमरजीत सिंह एफसीआई के खाद्यान्न व्यापारी सह साकची के गुरमीत क्लोथ के मालिक थे. 30 जुलाई को उनकी मौत टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी. उनकी मौत के चार दिन बाद गोलमुरी थाना में उनके बड़े पिता के बेटे करतार सिंह के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## बागबेड़ा के लोको पायलट की खड़गपुर में ट्रेन से गिरकर मौत



लोको पायलट मधुर रंजन

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा निवासी लोको पायलट मधुर रंजन की खड़गपुर में ड्यूटी के दौरान एक हादसे में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई. इससे बागबेड़ा क्षेत्र समेत रेल कर्मचारियों में शोक का माहौल है. जानकारी के मुताबिक खड़गपुर में पोस्टेड लोको पायलट मधुर रंजन खड़गपुर से माल गाड़ी लेकर टाटानगर आए थे. उसके बाद वह मुंबई हावड़ा मेल से वापस खड़गपुर लौट रहे थे. बताया जाता है कि इस दौरान वे गेट के पास डिब्बे में खड़े थे तभी अचानक हवा से या किसी तरह गेट बंद हो गया. इससे वे अचानक ट्रेन से नीचे गिर गए और इलेक्ट्रिक पोल से टकराते हुए बगल के नाले में गिर पड़े. इस घटना में उनकी मौत हो गई. घटना की खबर मिलते ही उनके परिजनों और रेल कर्मचारियों में मातम छा घया. बीती रात मेदनीपुर में शव का पोस्टमार्टम हुआ. उसके बाद उनका शव बागबेड़ा स्थित आवास लाया गया. जहां से पार्वती घाट के लिए उनकी शव यात्रा निकली. इसमें काफी संख्या में रेल कर्मचारी एवं स्थानीय लोग शामिल हुए.

## जुगसलाई में सामुदायिक भवन पर समाज विशेष द्वारा अतिक्रमण की शिकायत



**जमशेदपुर :** जुगसलाई एमई स्कूल रोड के लोगों ने उपायुक्त और अनुमंडलाधिकारी से सार्वजनिक स्थान पर तैयार सामुदायिक भवन पर समाज विशेष के द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की है. बस्तीवासियों का कहना है कि सरकारी योजना से तैयार इस भवन पर समुदाय विशेष का दावा गलत है और इसे कब्जामुक्त कर नगरपालिका के अधीन किया जाना चाहिए. इस दौरान अमर सिंह, गिरजा ठाकुर, एसके नायडू, एसके राय, राकेश कुमार सिंह, वेदीलाल आदि मौजूद थे.

## गुड्डू पांडे के घर पर फायरिंग के मामले में दो बरी

**जमशेदपुर :** मानगो निवासी गुड्डू पांडे के घर पर फायरिंग के आरोपी संतोष गुप्ता और दीपक सांडिल को अदालत ने मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है.इस मामले की सुनवाई जिला जज-13 प्रभाकर सिंह की अदालत में चल रही थी. बचाव पक्ष के अधिवक्ता विद्धा सिंह ने बताया इस मामले में कुल पांच लोगों की गवाही हुई थी. घटना सात सितंबर 2011 की है. इस संबंध में मानगो थाना में मामला दर्ज किया गया था. बता दें कि गुड्डू पांडे पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

## जिले में बुधवार को शहरी क्षेत्र में बंद रहेगा टीकाकरण कार्य

**जमशेदपुर :** जिले में बुधवार को सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में 18-44 आयु वर्ग के लिए टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे. 18+ आयु वर्ग के लाभुकों के लिए संचालित किये जाने वाले कुल 10 टीका केंद्रों में से 1 में कोविशिल्ड तथा अन्य 9 में कोवैक्सिन का टीका दिया जाएगा. वैक्सीनेशन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह एसडीएम धालभूम संदीप कुमार मीणा द्वारा जिलेवासियों से अपील की है कि टीका केंद्र पर सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन अवश्य करें तथा बिना मास्क टीका केंद्रों पर नहीं आएं. राज्य स्तर से जिला प्रशासन को कोविड टीका की आपूर्ति सुनिश्चित होते ही कौन-कौन से टीका केंद्र संचालित किये जायेंगे इसकी सूचना उचित माध्यमों से जिलेवासियों को दी जाएगी.

## अवैध देसी शराब की भट्ठी पर छापा, 30 लीटर शराब बरामद

**कांड्रा :** सालमपाथर गांव के समीप जंगल से कांड्रा थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब की भट्ठी पर छापा मारकर 30 लीटर शराब के साथ भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है. शराब बनाने में प्रयुक्त महुआ, जावा, ड्रम आदि सामान बरामद किया है. छापामारी के दौरान आरोपी बादल टुडू फरार हो गया. पुलिस ने भट्ठी को ध्वस्त कर दिया और शराब निर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्री नष्ट करदी है. एएसआई राम हरि प्रसाद के बयान पर मामला दर्ज किया गया ढ्ढ इस अभियान में सब इंस्पेक्टर धर्मराज कुमार भी उपस्थित थे. पुलिस फरार आरोपी बादल टुडू की तलाश कर रही है.

## गोविंदपुर में पुलिस अधिकारी का बेटे पर लगा यौनाचार आरोप

- लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा
- दस घंटे में बदला पूरा मामला

**जमशेदपुर :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र एलआइजी में एक पुलिस अधिकारी के 17 वर्षीय नाबालिग बेटे द्वारा एक घर में घुसकर युवती से यौनाचार का मामला मंगलवार की तड़के तब सुबह सामने आया जब लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि घटना के बाद करीब दस घंटे बाद ही पूरा मामला ही बदल गया. गोविंदपुर पुलिस की मानें तो देर तक इस मामले में किसी तरह की लिखित शिकायत थाने में नहीं की गई है. पुलिस लिखित शिकायत के बाद मामले में कार्रवाई की बात कहती रही. इस बीच आरोपी को थाने में बैठाकर भी रखा गया था, लेकिन स्थानीय लोग देखते रह गए और आखिरकार पूरा मामला तब बदल गया जब दोनों पक्षों में समझौते की बात सामने आई. बताया जाता है कि आरोपी के पिता पहले गोविंदपुर थाना में पदस्थापित थे. फिलहाल वे सिमडेगा थाने में एएसआई के पोस्ट पर कार्यरत हैं. इधर स्थानीय लोग दबी जुबान इस पूरे मामले में युवती पक्ष पर समझौते के लिए दबाव बनाने की बात भी कहते नजर आ रहे हैं.

## महिला अधिकारी से छेड़खानी के आरोपी को जमानत

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में एक महिला जीएसटी अधिकारी के साथ छेड़खानी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी विनय कुमार को कोर्ट से जमानत मिल गई है. वह उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद का रहनेवाला है. पुलिस ने उसे बीते 18 जुलाई को जेल भेजा गया था. उसे मंगलवार को जमशेदपुर कोर्ट से जमानत मिल गयी. बचाव पक्ष के तरफ से उनके केस की पैरवी अधिवक्ता मोहम्मद अर्शद अंसारी ने की थी.

# सुरों के सरताज गुरु ईश्वर सर को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

- संगीत के साधक का मई महीने में हो गया था देहांत
- बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ने अपने गुरु को किया याद
- सोनारी के चित्रगुप्त हॉल में उमड़े शहर के संगीतप्रेमी



**जमशेदपुर :** शहर में संगीत की शिक्षा को नया आयाम प्रदान कर अपने अनूठे व्यक्तित्व से खास स्थान बनानेवाले ईश्वर सर आज भले ही नश्वर रूप में हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी अनवरत साधना के प्रतिफल के रूप में शहर के लोगों ने जिस संगीत शिक्षा को साधना के रूप में आत्मसात किया है, उसका जीवंत रूप मंगलवार को दिखा उस श्रद्धांजिलि कार्यक्रम में जिसका आयोजन ईश्वर सर को याद करने के लिए किया गया था. इसमें शहर में उनके हर उम्र के शिष्यों ने शिरकत की. बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ने. हर किसी ने न सिर्फ उनके न रहने से उत्पन्न शून्यता का अहसास किया बल्कि यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि ईश्वर सर जैसा महामानव सदियों में कभी-कभी ही इस धरती पर अवतरित होता है.

सोनारी के चित्रगुप्त हॉल में सुप्रसिद्ध वादक और संगीतकार ईश्वर राव यानी ईश्वर सर की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके संगीत के गुर सीखनेवालों ने अपने गुरु को संगीत की धुन से श्रद्धांजलि दी., कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर सर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर ओर दीप प्रज्वलन कर किया गया. इसमें उनकी माता, भाई और पत्नी शामिल हुईं.

बताते चलें कि ईश्वर सर का निधन गत तीन मई को दिल का दौरा पड़ने से हो गया था. सर्किट हाउस साईं मंदिर के सामने उन्हें दिल का दौरा पड़ा था. तत्काल उन्हें टीएमएच ले जाया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली थी.

### संगीत सागर बना माध्यम :

गुरु ईश्वर सर को उसी संस्थान, संगीतसागर के माध्यम से याद किया गया जिसकी उन्होंने स्थापना की थी. संगीत सागर सोनारी के आदर्श नगर में 1992 में स्थापित हुआ था जहां उन्होंने हर उम्र के हजारों विद्यार्थियों को संगीत की दृष्टि से और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आकार दिया था, जहां उन्होंने युवा प्रतिभाओं को खोजा और अडिग प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ पोषण किया. उन्होंने न सिर्फ संगीतमय स्वर दिए बल्कि बिना किसी अवरोध के मंच पर प्रस्तुति देने के लिए आत्मविश्वास की भावना भी पैदा की. कार्यक्रम का भाव व अंदाज बता रहा था कि ईश्वर सर को श्रद्धांजलि अर्पित करना इस ललित कला के प्रति उनकी भक्ति और उनके लिए शिष्यों के दायित्व और प्रेम का एक ज्वलंत उदाहरण है.

### यादगार आयोजन :

गुरु ईश्वर सर की याद में आयोजित यह कार्यक्रम यादगार आयोजन बन गया. कार्यक्रम का रूप भले लघु रहा लेकिन गुरु के प्रति दिखी श्रद्धा बताती रही कि उन्होंने अपने त्याग-तपस्या से जिन हजारों संगीत साधकों की श्रृंखला खड़ी की है, वह उनकी विरासत को समय से साथ आगे बढ़ाती रहेगी. कार्यक्रम में शामिल होनेवाले लोगों को अनुभूति हो रही थी कि उनके आदरणीय और प्रिय गुरु ईश्वर सर के आकस्मिक निधन ने उनके दिलों में एक गहरा शून्य छोड़ दिया है. हालांकि ईश्वर सर के ये शिष्य उस गति को जारी रखने का वादा करते दिखे जिसे संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करनी है, जहां गुरु ईश्वर सर अपने शिष्यों को पहुंचाना चाहते थे.

### कुछ ऐसे शिष्यों को भी जानिए

**1. सेजल गुसाई :** ये 22 साल बाद स्टेज पर परफॉर्म कर रही हैं. वह ईश्वर सर की पहली छात्रा हैं और उन्होंने वर्ष 1992 में अपनी संगीत यात्रा शुरू की. तब से वह अपने बच्चे की तरह हैं और उन्होंने न केवल संगीत बल्कि जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन किया है.

**2. प्रकाश साहू :** गुरुजी ईश्वर राव के छात्र. ईश्वर सर के मार्गदर्शन में 2005 से संगीत सीखना शुरू किया।

**3. सुमन मुखर्जी :** गुरुजी के शिष्य. वह 2011 से संगीत सीख रहे हैं और 10 से अधिक वर्षों से संगीत सागर से जुड़े हुए हैं. गुरुजी के मार्गदर्शन में भारतीय शास्त्रीय संगीत और सभी प्रकार के गीत सीखे हैं. वह कई पुरस्कारों के विजेता हैं. आज ये गीत गुरुजी की स्मृति को समर्पित हैं.

**4. सूर्य नाग :** गुरुजी के मार्गदर्शन में 2013 से संगीत सागर के छात्र. एक बहुमुखी गायक. विभिन्न राज्यों और राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता में भाग लिया. संगीत में कई पुरस्कार जीते है.

**5. ईश्वर साहू :** 2010 में जुड़े. संगीत विद्या सीखी. वे कहते हैं कि आज जो भी थोड़ा सा संगीत उनके पास है, वो उन्हें ईश्वर सर की कृपा से ही मिला है. ईश्वर साहू ने झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2019 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष गायक का पुरस्कार हासिल किया था.

### गुरु के प्रति भावना को किया आत्मसात :

कार्यक्रम में व्यक्त की गई इस भावना को हर किसी ने गहराई के साथ आत्मसात किया- हम ईश्वर सर के साथ बिताए सभी महत्वपूर्ण पलों को हमेशा के लिए संजोना चाहते हैं और आशा करते हैं कि हम स्टारडम हासिल करने में सक्षम होंगे जिसे हमारे गुरु ने हमेशा संजो कर रखा था।

### संगीत की बारीकियों को सीखा :

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आए ईश्वर सर के तमाम शिष्यों का यही मानना था कि ईश्वर सर ने सबके मन में संगीत के प्रति प्यार को जगाया. उसे आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया और लक्ष्य हासिल करने का तरीका सिखाया. ईश्वर सर ने सभी के दिलों को छुआ और हर किसी को संगीत के लिए बहुत प्रभावित किया. उन्होंने संगीत की कला में अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित भी किया.

### जो कुछ हैं वो गुरु की देन :

ईश्वर सर को याद करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में हर वर्ग व हर क्षेत्र से आनेवाले उनके तमाम शिष्य शामिल हुए. हर किसी के भीतर यही भाव था कि आज हम जो कुछ भी हैं, केवल अपने गुरु ईश्वर सर के प्रयासों के कारण हैं। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के कारण यह संभव हो सका. हर कोई मान रहा था कि जीवन को आकार देने और मंच पर ले जाने के लिए आत्मविश्वास पैदा करने में ईश्वर सर का योगदान बहुत बड़ा रहा. उनके तमाम शिष्य उनकी शिक्षाओं को हमेशा संजो कर रखेंगे.

### हमेशा बरसता रहेगा गुरु का आशीर्वाद

ईश्वर सर के व्यक्तित्व के हर पहलू को उनके शिष्यों ने याद किया. बार बात इस बात पर जोर दिया कि संगीत के क्षेत्र में जो कुछ हालिस किया जा सका है वो गुरु ईश्वर सर की ही देन है. इसीलिए उनके शिष्य इस अटल विश्वास को भी प्रकट करते रहे कि हमारे दृढ़ प्रयास हमारे गुरु के आशीर्वाद के साथ फल देंगे और पूरा यकीन है कि जीवन के हर मोड़ पर गुरु ईश्वर सर का आशीर्वाद उनके शिष्यों को मिलता रहेगा.

### प्रोत्साहन से करें समर्थन :

गुरु ईश्वर सर के शिष्यों ने लोगों से भावुक अपील की कि सभी से अनुरोध है कि अपने प्रोत्साहन से हमारा समर्थन करें जो हमें उस स्तर को प्राप्त करने के लिए आश्वस्त करेगा जो हमारे प्रिय गुरु हमेशा चाहते थे.

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: आरएसओ-सीकेपी-आरआर-बीएक्सएफ-03, दिनांक 02.08.2021। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए दो पैकेट प्रणाली (पैकेट-I: तकनीकी बोली तथा पैकेट-II: वित्तीय बोली) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। कार्य का नाम: बीएक्सएफ में आरजी. रूम का 1096 दिनों के लिए अनुरक्षण। निविदा मूल्य: रु. 90,80,085। ईएमडी: शून्य। निविदा प्रपत्र की कीमत: रु. 5,000/-। ई-निविदा खुलने का स्थान: सीनि. डीईई (ओपी)/सीकेपी, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 24.08.2021 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 24.08.2021 को अपराह्न 3.30 बजे। ई-निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-212)

A TATA Enterprise

**टीआरएफ लिमिटेड**

सी.आई.एन: L74210JH1962PLC000700

पंजीकृत कार्यालय : 11, स्टेशन रोड, बर्माइंस, जमशेदपुर – 831007

फोन : 0657-2345727, ईमेल : comp_sec@trf.co.in वेबसाइट : www.trf.co.in

**जून 30, 2021 को समाप्त तिमाही का समेकित वित्तीय परिणाम का उद्धरण** रू. लाख में

| क्रम सं. | विवरण | 30.06.2021 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| | | अनांकेक्षित | अंकेक्षित | अनांकेक्षित |
| 1. | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 1,551.34 | 11,394.93 | 1,044.14 |
| 2. | साधारण कार्यकलापों से असाधारण मदों एवं कर पूर्व शुद्ध लाभ /(हानि) बंद परिचालन सहित | (1,985.54) | (9,922.34) | (2,808.66) |
| 3. | साधारण कार्यकलापों से कर एवं अल्प ब्याज पश्चात शुद्ध लाभ / (हानि) बंद परिचालन सहित | (1,987.33) | (9,311.29) | (2,812.75) |
| 4. | अन्य व्यापक आय | 172.98 | (386.26) | 113.52 |
| 5. | कुल व्यापक आय (लाभ/हानि सहित), कर पश्चात, अल्प ब्याज तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) बंद परिचालन सहित | (1,814.35) | (9,697.55) | (2,699.23) |
| 6. | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 1,100.44 | 1,100.44 | 1,100.44 |
| 7. | प्रतिषेयर आय / (हानि) (रू. 10/- प्रतिशेयर) (जारी और बंद परिचालन सहित) वार्षिकीकृत नहीं (रू.) | (18.06) | (84.61) | (25.56) |
| | असाधारण मदों (रू.) के पूर्व एवं पश्चात मूल एवं मंदित आय प्रति शेयर | (18.06) | (84.61) | (25.56) |

नोट :

1. एकल आधार पर कंपनी संबंधी जानकारी निम्नलिखित है : रू. लाख में

| क्रम सं. | विवरण | 30.06.2021 को समाप्त तिमाही | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष | 30.06.2020 को समाप्त तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| | | अनांकेक्षित | अंकेक्षित | अनांकेक्षित |
| 1. | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 1,551.34 | 11,394.93 | 1,044.14 |
| 2. | असाधारण मदों एवं कर पूर्व (शुद्ध) लाभ / (हानि) | (1,607.39) | (6,933.67) | (2,434.71) |
| 3. | अन्य व्यापक आय | 48.17 | 223.36 | (18.24) |
| 4. | कुल व्यापक आय (लाभ/हानि सहित), कर पश्चात, अल्प ब्याज तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) | (1,673.13) | (6,572.64) | (2,452.95) |
| 5. | आय प्रति शेयर (रू. में) | (15.64) | (61.76) | (22.12) |

2. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत जमा किए गए विस्तृत तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी वेबसाईट www.trf.co.in.co.in तथा स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाईटों bseindia.com और www.nse-india.com पर भी उपलब्ध है।
3. आवश्यकतानुसार, वर्त्तमान अवधि के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए पिछले आंकड़ों को फिर से इकट्ठा और वर्गीकृत किया गया है।

कृते निर्देशक मंडल
हस्ताक्षरित/-
आलोक कृष्णा
प्रबंध निर्देशक

जमशेदपुर
अगस्त 3, 2021